>

Title: Need to constitute a Central high level committee so that road project from Assam to Meghalaya could be restarted.

श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी): अध्यक्ष जी, मैं सदन के माध्यम से शून्य काल के अंतर्गत अपने संसदीय क्षेत्र गुवाहाटी (पश्चिम) विधान सभा क्षेत्र से मेघालय बार्डर की लम्बित पड़ी पीएमजीएसवाई सड़क योजना की ओर ध्यान दिलाना चाहती हूं । जिमिरगांव से बाखलापारा रोड पैकेज संख्या – एएस-॥ 347/419/665, मुदुकी पीडब्ल्यूडी रोड पैकेज संख्या – एएस-॥ 242, मातीखार पीडब्ल्यूडी रोड से रानीबारी पैकेज संख्या एएस-॥ 249 का कार्य लगभग 80 से 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, परन्तु एक व्यक्ति विशेष द्वारा पीआईएल डालकर भूभाग को विवादित करने के उद्देश्य से माननीय उच्च न्यायालय से कार्य को रुकवाने का आदेश लाकर पूरे क्षेत्र के नागरिकों के आने जाने को कठिन बना दिया है । इसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र गुवाहाटी पश्चिम विधान सभा क्षेत्र में लिया गया कार्य दोनों प्रदेशों - असम और मेघालय में विवादित होने के कारण पीएमजीएसवाई का कार्य अब तक रुका हुआ है ।

अत: आपके माध्यम से मेरा ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार से आग्रह है कि एक केंद्रीय उच्च स्तरीय समिति का गठन कर माननीय उच्च न्यायालय से रुके कार्य के आदेश को निरस्त कराया जाए, जिससे रुकी हुई भारत सरकार की असम से मेघालय तक पीएमजीएसवाई सड़क योजना को चालू कराया जा सके ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, समय देख लें और एक-एक मिनट में अपनी बात पूरी करें ।